पंजीयन क्रमांक : (JRB) 07 दिनॉक 11.04.2001

# नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, विदिशा जिला विदिशा (म0प्र0)

क्रमांक / 5 / आमसभा / 2023–24 / 807 विदिशा, दिनॉक :– 18.08.2023

## ।। सूचना–पत्र ।।

माननीय सदस्यगण,

नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित विदिशा की 21 वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन दिनॉक 09.09. 2023 दिन शनिवार को दोपहर 12.00 (बारह) बजे स्थान यादव मैरिज गार्डन, रामलीला चौराहा, विदिशा पर किया गया है जिसमें निम्नलिखित विषयों पर विचार किया जावेगा । बैठक में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है ।

बैठक के लिये नियत समय पर गणपूर्ति न होने की स्थिति में बैठक स्थगित की जाकर स्थगित बैठक उसी दिनॉक एवं स्थान पर नियत समय के आधा घंटे पश्चात् प्रारंभ होगी जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी ।

## –: विषय सूची :–

1 गत वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 10.09.2022 की कार्यवाही की पुष्टि ।
2 वर्ष 2022–23 का वार्षिक प्रतिवेदन, अंकेक्षित वित्तीय पत्रक एवं अंकेक्षण प्रतिवेदन को स्वीकार करना ।
3 वर्ष 2024–25 के प्रस्तावित कार्यक्रम तथा वर्ष 2023–24 के संशोधित कार्यक्रम को स्वीकार करना ।
4 वर्ष 2024–25 का प्रस्तावित आय–व्यय (बजट), वर्ष 2023–24 का संशोधित आय–व्यय (बजट) तथा वर्ष 2022–23 के व्ययों को स्वीकार करना ।
5 दिनांक 31.03.2023 पर शुद्ध लाभ रूपये 14.93 लाख के विभाजन को स्वीकार करना ।
6 वर्ष 2023–24 के लिये सांविधिक अंकेक्षक की नियुक्ति की पुष्टि ।
7 बैंक संचालक मण्डल के सदस्यों व उनके निकटतम रिश्तेदारों को 31.03.2023 की स्थिति पर बकाया ऋण / अग्रिम की जानकारी का अवलोकन ।
8 आगामी वर्ष हेतु ऋण लेने की अधिकतम सीमा निर्धारित करना ।
9 निदेशक मण्डल द्वारा लिये गये निर्णयों की पुष्टि ।
10 एक मुश्त समझौता योजना एवं अपलेखन नीति की पुष्टि व कालातीत ऋणियों से किये गये समझौते व अपलेखन की पुष्टि ।

अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से रखे जा सकेंगे।

संचालक मण्डल की आज्ञा से

| | |
|---|---|
| सही /– | सही /– |
| (अवधेश महेन्द्र यादव) | (जितेन्द्र कुमार जैन) |
| अध्यक्ष | मुख्य कार्यपालन अधिकारी |

विशेषः–

1. बैंक का 21 वां वार्षिक प्रतिवेदन बैंक कार्यालय में उपलब्ध है । इच्छुक सदस्य इसे कार्यालयीन समय में बैंक कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं ।
2. साधारण सभा मे कोई प्रस्ताव / सुझाव या जानकारी के इच्छुक सदस्य तत्संबंधी सूचना बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को बैठक दिनांक से कम से कम सात दिवस पूर्व देने का कष्ट करें ।
3. वित्तीय वर्ष 2022–23 का संपरीक्षा प्रतिवेदन व अनुपालना आपके अवलोकन हेतु आमसभा स्थल पर उपलब्ध रहेगी, जिसका अवलोकन आपके द्वारा किया जा सकेगा ।